दिन–गुरूवार दिनांक– 25/04/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

लोकसभा चुनाव के द्वितीय चरण के तहत राज्य के पांच संसदीय क्षेत्रों किशनगंज, कटिहार, पूर्णियां, भागलपुर और बांका में कल मतदान होगा। दूसरे चरण के तहत प्रदेश में तिरानवे लाख छियानवे हजार से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकेंगे। निर्वाचन आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस चरण में राज्य के एक लाख सैंतीस हजार सात सौ तैंतीस मतदाता पहली बार मतदान करेंगे। आयोग ने जानकारी दी है कि बांका संसदीय क्षेत्र के कटोरिया और बेलहर विधानसभा क्षेत्रों में सभी बूथों पर मतदान सुबह सात बजे से शाम चार बजे तक होगा जबकि अन्य क्षेत्रों में मतदान का समय सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक होगा। इन सभी सीटों पर मतदान के लिए प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं।

———————————————————

किशनगंज में कांग्रेस के मोहम्मद जावेद, जदयू के मुजाहिद आलम और एआईएमआईएम के अख्तरूल ईमान के बीच त्रिकोणीय मुकाबला है। वहीं, पूर्णियां सीट से जदयू के संतोष कुशवाहा, राजद की बीमा भारती और निर्दलीय पप्पू यादव मुकाबले में हैं। कटिहार में जदयू से निवर्तमान सांसद दुलाल चंद गोस्वामी और कांग्रेस के तारिक अनवर के बीच सीधी टक्कर मानी जा रही है। भागलपुर में जदयू के निवर्तमान सांसद अजय मंडल और कांग्रेस के अजीत शर्मा के बीच मुख्य मुकाबला है। बांका में जदयू के गिरिधारी यादव का राजद के जयप्रकाश यादव आमने–सामने हैं।

———————————————————

निर्वाचन आयोग ने शांतिपूर्ण, स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान सम्पन्न कराने के लिए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये हैं। संबंधित लोकसभा क्षेत्रों में सुरक्षा बलों के पचपन हजार कर्मियों की तैनाती की गयी है। चुनाव आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार दूसरे चरण के मतदान के लिए अर्धसैनिक बलों की एक सौ से अधिक कंपनियां तैनात की गयी हैं। जिला पुलिस, होमगार्ड, सैप और बीएमपी के जवानों को भी सुरक्षा में लगाया गया है।

———————————————————

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के तहत दरभंगा, उजियारपुर, समस्तीपुर, बेगूसराय और मुंगेर संसदीय क्षेत्रों में नामांकन पत्र भरने का आज अंतिम दिन है। कल नामांकन

पत्रों की जांच की जायेगी। उम्मीदवार उनतीस अप्रैल तक अपना नाम वापस ले सकते हैं। चौथे चरण का मतदान तेरह मई को होगा।

———————————————————————————

लोकसभा चुनाव के तीसरे और चौथे चरण के लिए प्रचार अभियान तेज हो गया है। विभिन्न दलों और गठबंधन के नेता अब झंझारपुर, सुपौल, अररिया, मधेपुरा, दरभंगा, उजियारपुर, मुंगेर, समस्तीपुर और बेगूसराय में चुनावी सभाओं में शामिल हो रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल मुंगेर के साफियासराय स्थित हवाई अड्डा मैदान में एक चुनावी सभा को संबोधित करेंगे।

———————————————————————————

निर्वाचन आयोग ने भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नरेंद्र मोदी और कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा कथित आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में संज्ञान लेते हुये नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। आयोग ने भाजपा अध्यक्ष जे. पी. नड्डा और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को भी पत्र भेजकर उनतीस अप्रैल तक जवाब देने को कहा है। निर्वाचन आयोग ने यह भी निर्देश दिया है कि सभी मुख्य प्रचारक चुनाव प्रचार के दौरान राजनीतिक संवाद के उच्च मानक स्थापित करें और आदर्श आचार संहिता के प्रावधानों का पालन करें।

———————————————————————————

पटना जिला प्रशासन ने भीषण गर्मी के मद्देनजर सभी शिक्षण संस्थानों में कक्षा के संचालन समय में फिर बदलाव किया है। जिला पदाधिकारी शीर्षत कपील अशोक ने आदेश जारी कर वर्ग एक से दस तक की कक्षाएं सुबह साढ़े दस बजे तक जबकि ग्यारहवीं और बारहवीं की कक्षा साढ़े ग्यारह बजे तक ही संचालित करने का निर्देश दिया है।

———————————————————————————

राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकांश भागों में भीषण गर्मी पड़ रही है। शेखपुरा, गोपालगंज, जमुई, बांका, नवादा, खगड़िया समेत विभिन्न जिलों में पारा बयालीस डिग्री सेल्सियस को पार कर गया है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान शेखपुरा राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा, जहां का अधिकतम तापमान बयालीस दशमलव आठ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विभाग ने पश्चिम चम्पारण, गोपालगंज, सारण, बक्सर, रोहतास, औरंगाबाद, जहानाबाद, पटना, गया समेत राज्य के अधिकतर स्थानों पर अगले चार दिनों तक भीषण लू की सम्भावना जतायी है। विभाग ने इसे लेकर ऑरेंज अलर्ट भी जारी किया है। इधर, आपदा प्रबंधन विभाग ने प्रचण्ड गर्मी के मद्देनजर लोगों से सावधानी बरतने की अपील की है। विभाग ने परामार्श

जारी कर लोगों से अधिक से अधिक जल और ठंडा पेय पदार्थ का इस्तेमाल करने को कहा है।

——————————————————————————

राजधानी पटना के कोतवाली थाना क्षेत्र अन्तर्गत पटना जंक्शन स्थित एक होटल में भीषण अगलगी की घटना में दो लोगों की मृत्यु हो गयी जबकि कई लोग घायल हो गये हैं। जानकारी के अनुसार होटल के करीब स्थित दुकान के चुल्हे से निकली चिंगारी से यह आग लगी। दमकल विभाग की टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुये होटल की ऊपरी मंजिल पर फंसे कई लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है।

——————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।